
HAPPY
TEACHER'S
DAY


विद्या ददाति विनयम्
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा, चम्पावत
शिक्षा से समृद्ध समाज की ओर...
"शिक्षक केवल ज्ञान का वितरण नहीं करते, वह समाज को बेहतर बनाने की प्रेरणा देते हैं।"
– डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद्)
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
जन्म : 5 सितम्बर 1888 | शिक्षक दिवस : 5 सितम्बर
उनके जीवन से हमें मिलती है
शिक्षा, शोध, संस्कृति और मानवता की प्रेरणा।
वे सचमुच आधुनिक भारत के शिक्षक-रत्न हैं।
महान शिक्षाविद्, भारत रत्न
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी
की जयंती के पावन अवसर पर
शिक्षक दिवस
2026
की हार्दिक शुभकामनाएँ
आइए, हम सब मिलकर शिक्षा के इस महान उद्देश्य को और सुदृढ़ करें,
ताकि हमारा समाज ज्ञान, संस्कार और नैतिक मूल्यों से समृद्ध हो।
आप सभी शिक्षकों के प्रति हमारा हार्दिक सम्मान और कृतज्ञता।
EDUCATION
KNOWLEDGE
CHARACTER
SUCCESS
गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरः
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
डॉ. आनंद प्रकाश सिंह
प्राचार्य
एवं समस्त प्राध्यापक गण
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
शिक्षित गुरु | सशक्त विद्यार्थी | विकसित भारत

# कार्यालय प्राचार्यः राजकीय महाविद्यालय बनबसा (262310)


जिला– चम्पावत (उत्तराखण्ड)
(सम्बद्ध सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय)
www.gdcbanbasa.org
Email ID: gdcbanbasa@gmail.com


पत्रांकः प्रेस विज्ञप्ति / 2025–26

दिनांकः 05.09.2026

राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत में 05 सितम्बर 2026 को शिक्षक दिवस पूरे उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके पश्चात छात्रों ने अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर प्राध्यापक गण—डॉ. राजीव कुमार सक्सेना, डॉ. भूप नारायण दीक्षित, डॉ. कमलेश शक्ता, डॉ. सुधीर मलिक एवं श्री हेम कुमार गहतोड़ी—उपस्थित रहे। वहीं कार्यालयी कर्मचारियों में श्री कमलेश जोशी, श्रीमती जयंती देवी, श्री त्रिलोक चन्द्र कांडपाल, श्री अमर सिंह, श्री विनोद कुमार चंद, श्री नर सोनू आदि ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। प्राचार्य जी ने अपने संबोधन में शिक्षकों के समाज-निर्माण में योगदान को रेखांकित किया तथा छात्रों को अनुशासन एवं ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया।

इस समारोह में शैक्षणिक गतिविधियों का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, क्विज़ एवं कविता पाठ जैसी प्रतिस्पर्धाएँ शामिल रहीं। जिसमे मुख्य रूप से **अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भूप नरायन दीक्षित** द्वारा विद्यार्थियों हेतु **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शैक्षणिक जीवन पर एक निवंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया** जिसमे **मुस्कान बी.ए. 5th सेमेस्टर अजय चंद 3rd सेमेस्टर एवं गीता 3rd सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया**.

छात्रों ने "शिक्षक और राष्ट्र निर्माण" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित प्राध्यापकों ने बहुत सराहा। इसके अतिरिक्त, शिक्षक-छात्र संवाद सत्र का भी आयोजन हुआ, जहाँ विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक एवं करियर संबंधी प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी शिक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. आनंद प्रकाश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्रों के सहयोग की सराहना की। पूरे कार्यक्रम का संचालन शैक्षणिक समन्वयकों द्वारा किया गया और आखिर में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

कार्यक्रम का संचालन श्री हेम कुमार गह्तोड़ी ने किया इस अवसर पर सभी विषयों के लगभग 165 विद्यार्थी उपस्थित रहे.

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बनबसा
चम्पावत

2026.09.05 11:12




राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत (उत्तराखण्ड)
उत्तराखण्ड राज्य
समग्र विकास हेतु तत्पर
उद्देश्य
दृष्टि
राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत का उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के केन्द्र के रूप में उभरना, सामाजिक विकास और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना और छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए एक आभा प्रदान करना, उन्हें एक सफल कैरियर के लिए तैयार करना और साथ ही समाज की बेहतरी में उनकी भूमिका निभाने में मदद करना है। कॉलेज एक ऐसा शिक्षण वातावरण बनाने का प्रयास करता है जो बौद्धिक जिज्ञासा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करता है।
Email ID
gdcbanbasa@gmail.com
Website
2026.09.05 10:18






2026.08.31 11:59


उत्तराखण्ड राज्य
समग्र विकास हेतु तत्पर
उद्देश्य
दृष्टि
राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत का उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के केन्द्र के रूप में उभरना, सामाजिक विकास और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना और छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए एक आभा प्रदान करना, उन्हें एक सफल कैरियर के लिए तैयार करना और साथ ही समाज की बेहतरी में उनकी भूमिका निभाने में मदद करना है। कॉलेज एक ऐसा शिक्षण वातावरण बनाने का प्रयास करता है जो बौद्धिक जिज्ञासा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करता है।
Email ID


Email ID
gdcbanbasa@gmail.com
Website


भूमिका निभाने में मदद करना है। कॉलेज एक ऐसा शिक्षण
वातावरण बनाने का प्रयास करता है जो बौद्धिक जिज्ञासा, नैतिक
मूल्यों और सामाजिक ज़िम्मेदारी को प्रोत्साहित करता है।
Email ID


समग्र विकास हेतु तत्पर
उद्देश्य
दृष्टि
उत्तराखण्ड राज्य
राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत का उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के केन्द्र के रूप में उभरना, सामाजिक विकास और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना और छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए एक आभा प्रदान करना, उन्हें एक सफल कैरियर के लिए तैयार करना और साथ ही समाज की बेहतरी में उनकी भूमिका निभाने में मदद करना है। कॉलेज एक ऐसा शिक्षण वातावरण बनाने का प्रयास करता है जो बौद्धिक जिज्ञासा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक ज़िम्मेदारी को प्रोत्साहित करता है।
Email ID


देवभूमि उद्यमिता योजना
एक दिवसीय
राजकीय महाविद्यालय बनबसा, चम्पावत (उत्तराखण्ड)
विभागीय परिषद
हिन्दी
अंग्रेजी
संस्कृत
अर्थशास्त्र
L-01




विभागीय परिषद
हिन्दी
अंग्रेजी

# अमर उजाला/06.09.2026

# गुरु साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः

## शिक्षक दिवस... डॉ. राधाकृष्णन को नमन कर विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने की दी प्रेरणा

**संवाद न्यूज एजेंसी**



मंच क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक। संवाद



बनबसा डिग्री कॉलेज में उपस्थित प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं। स्रोत : कॉलेज

मंच/टनकपुर/बनबसा। चंपावत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जीआईसी मंच में प्रधानाचार्य गिरिश नाथ की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन कर विद्यार्थियों को उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई।

यहां टनकपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सिविल जज जूनियर डिवीजन रुचिका नरूला ने शिक्षकों को राष्ट्र का कुशल शिल्पी बताया। इस दौरान विद्यालय की वार्डन और अध्यापिकाओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया जबकि दयानंद इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य माहेश्वरी पांडेय के नेतृत्व में शिक्षकों को उपहार प्रदान किए गए।

इस मौके पर प्रबंधक डॉ. मनुश्रवा आर्य , कोषाध्यक्ष गायत्री कृपा आदि मौजूद रहे। वहीं बनबसा राजकीय महाविद्यालय में निबंध, वाद-विवाद, कविता पाठ और क्विज प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बमनपुरी के मैक्स्टन स्ट्रांग स्कूल में भी शिक्षकों के समाज सुधार में योगदान पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद, नौगवांनाथ की प्रधान माया चंद, स्कूल प्रबंधक गिरीश चंद्र जोशी, प्रधानाचार्य फिलीस जार्ज आदि थे।

## धौलीगंगा पावर स्टेशन में मनाया गया मेंटर दिवस



धौलीगंगा पावर स्टेशन में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी। स्रोत : स्वयं

**संवाद न्यूज एजेंसी**

पिथौरागढ़। धौलीगंगा पावर स्टेशन में शनिवार को मेंटर दिवस उत्साह से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों में कार्यरत परामर्शदाताओं प्रतिभाग किया।

यहां भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शिक्षा व राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।

परियोजना प्रमुख एम. कन्नन ने मेंटरशिप का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मेंटर अपने ज्ञान और अनुभव से लोगों का व्यक्तिगत व व्यावसायिक विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता -है। उन्होंने कर्मचारियों इन अनुभवों का लाभ उठाने की अपील की।